महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित होगा कार्यक्रम, टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन भी रहेंगे मौजूद

# योगी आज करेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन


**गोरखपुर, निज संवाददाता।** सीएम योगी बुधवार को महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस) के सहयोग से बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर टीसीएस एवं टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन भी उपस्थित रहेंगे। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन पर 'एआई अवेयरनेस फॉर आल' ट्रेनिंग वर्कशॉप का भी शुभारंभ होगा।

एमपीआईटी में करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित हुआ है। कॉम्प्लेक्स में ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड थ्री डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्युरिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्युरिटी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी, थ्री डी प्रिंटिंग समेत एकीकृत पाठ्यक्रम संचालित होंगे। एमपीआईटी के निदेशक सुधीर अग्रवाल का कहना है कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब, ड्रोन टेक्नोलॉजी लैब, थ्री-डी प्रिंटिंग लैब और स्पेस टेक्नोलॉजी लैब शामिल हैं। यहां कौशल विकास से नवाचार को प्रेरित किया जाएगा, जिससे स्टार्टअप्स को बढ़ावा बढ़ावा मिलेगा और रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी। एमपीआईटी के प्रिंसिपल अनिल प्रकाश सिंह ने बताया कि वर्कशॉप में प्रतिभागियों की संख्या के लिहाज से विश्व कीर्तिमान रचने की भी तैयारी की गई है। एमपीआईटी के मीडिया प्रभारी माधवेंद्र राज ने बताया कि इस अवसर पर शिक्षण, नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए नए-नए स्टार्टअप द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया जा सकेगा।

**पूर्वी यूपी के ये संस्थान भी होंगे लाभान्वित:** एमपीआईटी के सभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश के तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेंगे। इन संस्थानों में एमएमएमयूटी, राजकीय पॉलिटेक्निक, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, महामाया राजकीय पॉलिटेक्निक हरिहरपुर खजनी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी गोरखपुर सेंटर, महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक आदि शामिल हैं।

**50** करोड़ रुपए की लागत से एमपीआईटी में टीसीएस के सहयोग से बना है सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**15** तकनीकी शिक्षा संस्थानों के विद्यार्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण पूर्वी उत्तर प्रदेश के


एमपीआईटी में तैयार अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भवन।

### 'एआई ट्रेनिंग वर्कशॉप का भी होगा शुभारंभ

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन के साथ ही शुरू होने वाले 60 दिवसीय एआई अवेयरनेस फॉर आल ट्रेनिंग वर्कशॉप में एआई का परिचय, जेनेरेटिव एआई टूल्स, प्रॉम्प्टिंग एंड प्रोडक्टिविटी, रिस्पांसिबल एआई यूज, साइबर हाइजीन, फ्रॉड प्रिवेंशन के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त होगा। वहीं एआई अवेयरनेस फॉर फार्मर्स वर्कशॉप में कृषि में एआई, मौसम और फसल योजना की व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## सीएम करेंगे एमजीयूजी में छात्रों-किसानों का सम्मान



**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** सीएम योगी बुधवार को एमजीयूजी में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के विजन पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों और किसानों को सम्मानित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के एमडी एवं सीईओ के कृतवासन उपस्थित रहेंगे।

विश्वविद्यालय के ऑडोटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष एमजीयूजी और सेंटर ऑफ मेडिकल इनोवेशन गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ग्रेटर नोएडा के साथ एक एमओयू का भी आदान प्रदान होगा। इस अवसर पर एआई अवेयरनेस फॉर आल कार्यक्रम में योगदान देने वाले 13 विद्यार्थियों और हैकाथॉन के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही एआई फॉर फार्मर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े 5 किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा। कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने बताया कि विश्वविद्यालय आठ संकायों के माध्यम से 43 कार्यक्रम संचालित कर रहा है।

## मोबाइल फोन पर वीडियो बना युवक ने की खुदकुशी

**खजनी, हिन्दुस्तान संवाद।** खजनी थाना क्षेत्र के उनवल कस्बे में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। युवक ने खुदकुशी का वीडियो बनाने के लिए रिकॉर्डिंग के मोड में मोबाइल ऑन कर छोड़ दिया था।

उनवल चौकी क्षेत्र के संग्रामपुर वार्ड नंबर 4 निवासी सतीश कुमार निषाद ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक, सतीश 12वीं पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ चुका था। वह तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। युवक ने आत्महत्या से पहले मोबाइल में वीडियो रिकॉर्डिंग चालू कर दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। कोतवाली इंस्पेक्टर जयंत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन जारी है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## घायल ई-रिक्शा चालक की मौत

**सहजनवा।** गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर पानी टंकी से खरैला जाने वाले रास्ते पर सोमवार देर रात सवारी लेकर अड़ीलापार जा रहे ई रिक्शा को सामने से पिकअप ने ठोकर मार दी। हादसे में रिक्शा में सवार एक बुजुर्ग की मौत शाम को हो गई थी। घायल चालक को बीआरडी भेजा गया था, जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई। बोक्टा से ईरिक्शा पर सवार होकर अड़ीलापार निवासी बेचन प्रजापति समेत अन्य सवारी को बैठाकर ई रिक्शा चालक शिव कीरत अडिलापार लेकर जा रहा था। खरैला रोड के सामने पिकअप ने ई रिक्शा में ठोकर मार दी।

## जून में 40 से अधिक ट्रेनें हो सकती हैं निरस्त

**मेगा ब्लॉक**

- गोंडा-बुढ़वल थर्ड लाइन के लिए 15 जून से 15 जुलाई तक एनआई का प्रस्ताव
- 50 से अधिक ट्रेनों को डायवर्ट किए जाने की तैयारी जून में रहती है ज्यादा भीड़



**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** जून में गोंडा-बुढ़वल रूट पर मेगा ब्लॉक लेने की तैयारी है। इसके लिए कवायद शुरू हो गई है। हालांकि, अभी लखनऊ मंडल के ब्लॉक प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी नहीं मिली है। मंजूरी मिलने पर गर्मी के दिनों में यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

दरअसल, गोंडा से बुढ़वल तक थर्ड लाइन का काम पूरा हो जाने के बाद इसके एनईआई की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए लखनऊ मण्डल ने 15 जून से 15 जुलाई तक के लिए ब्लॉक मांगा है। ब्लॉक मिलने पर इस दौरान गोरखपुर से गुजरने वाली करीब 40 ट्रेनें निरस्त रहेंगी, जबकि 50 से अधिक का डायवर्जन करना होगा।

**इन ट्रेनों का भेजा गया प्रस्ताव:** जिन ट्रेनों के निरस्तीकरण का शेड्यूल बोर्ड भेजा गया है, उनमें गोरखपुर-मुम्बई, गोरखपुर-लखनऊ इंटरसिटी, जनसेवा, जननायक के साथ ही प्रमुख रूटों की स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं। इसके साथ ही 25 जोड़ी ट्रेनों के डायवर्जन का शेड्यूल भी भेजा गया है। इससे उन यात्रियों को काफी असुविधा होगी, जिन्हें छुट्टियों में बाहर जाना होगा या दिल्ली, मुम्बई से वापस गोरखपुर आना होगा।

**शहर 30s**


एमएसआई इंटर कॉलेज में उ.प्र. माशिसं के तत्वावधान में शिक्षकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित कराने की आवाज उठाने के लिए शिक्षक नेता एवं विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी को शिक्षकों ने सम्मानित किया।

### बाइक के पहिए में फंसा दुपट्टा, लेखपाल गंभीर

**चौरीचौरा।** चौरीचौरा क्षेत्र में एक हादसे में महिला लेखपाल गंभीर रूप से घायल हो गईं। बाइक के पहिए में दुपट्टा फंसने से वह नीचे गिर पड़ीं, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है। महिला लेखपाल मधु कुमारी अपने पति राहुल अग्रवाल के साथ सोमवार को बाइक से फॉर्मर रजिस्ट्री कराने जा रही थीं। रास्ते में अचानक पीछे बैठी मधु कुमारी का दुपट्टा बाइक में फंस गया। उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

### एमएलसी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**गोरखपुर।** आजमगढ़ में कथित पुलिस एनकाउंटर को लेकर विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने सीएम योगी को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। एमएलसी का आरोप है कि अभिषेक सिंह को पुलिस ने पहले उनके घर से उठाया और बाद में एनकाउंटर की कहानी बनाई। कहा कि मामले में न्याय नहीं मिलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एमएलसी ने कहा कि अगर इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो इसके राजनीतिक दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं।

### युवती को रास्ते में परिजनों ने पीटा, केस दर्ज

**चिलुआताल।** महराजगंज जिले के ग्राम सभा भगवत नगर थाना फरेन्दा की मूल निवासी किरन पत्नी शैलेश कुमार फुलवारी ढ़ाबा करीम नगर के पास किराये का कमरा लेकर रहती है। मंगलवार को पति की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर तहरीर देकर घटना से पुलिस को अवगत कराई थी, जिसमें पुलिस समाधान के लिए दोनों पक्षो को थाने बुलाई थी। थाना गेट के पास पहुंचते ही पहले से मौजूद सास सुनीता एवं उनकी बहन रीना घेर कर गाली देते हुए मारने पीटने लगी।

### टेढ़े-मेढ़े दांतों का अलाइनर तकनीकी से इलाज संभव

**गोरखपुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन(आईडीए) ब्रांच द्वारा शनिवार टेढ़े-मेढ़े दांतों के इलाज पर एक कार्यशाला का आयोजन होटल सरोवर पोर्टिको में किया गया। इसमें टेढ़े-मेढ़े दांतों के इलाज में अलाइनर तकनीकी पर चर्चा हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. सुमित गोयल ने बताया कि कुछ मरीज टेढ़े-मेढ़े दांतों के इलाज के लिए ब्रेसेस नहीं लगवाना चाहते हैं। उनके लिए अलाइनर टेक्नोलॉजी के द्वारा बिना ब्रेसस के टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज हो सकता है।

### आत्मनिर्भर बनेगी आधी आबादी

**गोरखपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा की ओर से चलाए जाने वाले अभियान के मद्देनजर क्षेत्रीय टोली की पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। क्षेत्रीय महामंत्री सुनील गुप्ता ने बतौर मुख्य वक्ता बताया कि यह अभियान 15 से प्रारंभ होकर 20 अप्रैल तक चलेगा।

SBI
**भारतीय स्टेट बैंक**
ए.एम.सी.सी., चरगांवा, गोरखपुर

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के साथ ऋण समझौते और उपयुक्त क्रत्यों के अनुसार निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बैंकों ने वित्तीय संपत्तियों और संपत्तियों का कब्जा ले लिया है। ई-नीलामी वेब पोर्टल **https://sbi.co.in** एवं वेबसाइट **https://www.baanknet.com** के माध्यम से **दिनांक 27.04.2026 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक। अग्रिम धनराशि जमा करने की अन्तिम तिथि- 26.04.2026**

| क्र. सं. | बकायेदार का नाम व पता | ऋण खाता सं. एवं बकाया राशि जिसकी वसूली के लिए वित्तीय संपत्ति बेची जा रही है | वित्तीय संपत्ति का विवरण | निर्धारित आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि (रु.)/वृद्धिशील बिड धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **उधारकर्ता**- मेसर्स शुद्ध पी. के. स्वीट्स **प्रोपराइटर**-ओमप्रकाश शाहू पुत्र विनोद कुमार शाहू **पताः** सी-267, नरसिंहपुर, पो. इलाहीबाग, गोरखपुर | **खाता सं. - 4187164647** रु. 6,62,390/-(**रूपये छः लाख बासठ हजार तीन सौ नब्बे मात्र**) + ब्याज + अन्य शुल्क और व्यय | पंजी. संख्या: UP53JT1141<br>निर्माता: TATA MOTERS<br>मॉडल: TATA INTRA V50<br>तेल - Diesel<br>वर्ष - 2023<br>चेसिस नं.-MAT535093PYE12700<br>इंजन नं.- 1.5CR06CWX835175 | Rs. 3,80,000/-<br>Rs.38,000/-<br>Rs. 5,000/- |

बिक्री की विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए भारतीय स्टेट बैंक, ए.एम.सी.सी, चरगांवा, गोरखपुर (सुरक्षित लेनदार) में दिए गए लिंक को देखें वेबसाइट: **https://www.sbi.co.in** एवं **https://www.baanknet.com** या **जाँच अधिकारी, मो. 7600054867**

दिनांक-15-04-2026 | स्थान- ए.एम.सी.सी., चरगांवा, गोरखपुर | प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

## शिक्षक से रंगदारी मांगी, केस दर्ज

**गोरखपुर।** गुलरिहा क्षेत्र में एक शिक्षक को धमकी देकर दो लाख रुपये मांगने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पहले भी शिक्षक के खिलाफ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर चुका है।

करमहा खुर्द निवासी अनिल कुमार राय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह किसान पूर्व मा. विद्यालय, बरगदही में सहायक अध्यापक हैं। बताया कि बदगदही टोला केवटान निवासी अमित निषाद मनबढ़ प्रवृत्ति का है और स्कूल आते-जाते समय अक्सर रोककर धमकी देता था। पीड़ित के मुताबिक, 30 मार्च की सुबह करीब 8:27 बजे पिपराइच-बरगदही मार्ग पर आरोपी ने उन्हें रोक लिया और अपशब्द कहने लगा। विरोध करने पर दो लाख रुपये की मांग करते हुए जान से मारने और नियुक्ति को लेकर फर्जी दुष्प्रचार करने की धमकी दी।

## प्रेमी से शादी की जिद, पानी की टंकी पर चढ़ी युवती

**हड़कंप**

- चार दिन बाद युवती की थी शादी, घर में चल रही थी तैयारी
- युवती के विरोध के बाद परिवारीजन शादी को हुए तैयार


प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी युवती (लाल घेरे में) पानी की टंकी पर चढ़ गई।


**बेलीपार, हिन्दुस्तान संवाद।** बेलीपार थाना क्षेत्र में मंगलवार को दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती अपने प्रेमी से शादी की जिद को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से समझाकर उसे नीचे उतरवाया। देर शाम उनकी मंदिर में शादी कराई गई।

पुलिस के अनुसार, युवती का परिवार उसकी शादी कहीं और तय कर चुका था और घर में तैयारियां भी चल रही थीं। शादी की तारीख महज चार दिन बाद की बताई जा रही है। युवती ने प्रेमी से शादी के लिए कहा तो परिवारीजनों ने इंकार कर दिया था, जिसके बाद वह घरवालों ने नाराज होकर पानी की ऊंची टंकी पर चढ़कर विरोध जताने लगी। उसने कहा कि अगर उसकी शादी उसके प्रेमी से नहीं कराई गई तो वह खुदकुशी कर लेगी।

युवती के टंकी पर चढ़ने की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। काफी देर तक समझाने-बुझाने और धैर्यपूर्वक बातचीत के बाद पुलिस ने युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति को नियंत्रित किया। उसके परिवारीजन और प्रेमी को बुलाकर पुलिस ने बात की। पता चला कि दोनों बालिग हैं। ग्राम प्रधान की पहल पर दोनों परिवारों के बीच समझौता कराया गया, जिसमें अंततः प्रेमी युगल की शादी के लिए सहमति बन गई। शाम को मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई। एसपी साउथ दिनेश पुरी ने बताया कि युवती को समझाकर नीचे उतारा गया। दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया।

**झंगहा में भी शादी कराने को पानी की टंकी पर चढ़ी थी किशोरी:** झंगहा थाना क्षेत्र के राघोपट्टी पडरी गांव में एक किशोरी अपने प्रेमी से शादी की जिद में पानी की टंकी पर चढ़ गई। सूचना पर उसका प्रेमी भी मौके पर पहुंच गया। वह पानी की टंकी पर चढ़ा और शादी का भरोसा दिया उसके बाद वह नीचे उतरी। हालांकि नाबालिग होने पर पुलिस ने प्रेमी पर केस दर्ज कर उसे जेल भेजवा दिया। किशोरी और युवक की मुलाकात हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान हुई थी। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप भी किया था। इसी वजह से किशोरी शादी की जिद पर अड़ी थी।

**श्रद्धा सुमन**
॥ तृतीय पुण्यतिथि ॥



प्रेरणा-पुंज स्मृतिशेष
**डॉ. जय प्रकाश पाण्डेय**
(01.07.1953 - 15.04.2023)

हृदयनत स्मरण एवं श्रद्धांजलि :-
**डॉ० आशा पाण्डेय**
समस्त परिजन एवं मित्रगण

## पूर्व पार्षदों के नाम में गलती पर नाराजगी

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** नगर निगम की पुरानी बिल्डिंग को निर्माणाधीन संग्रहालय का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों होना प्रस्तावित है। इसको लेकर नगर आयुक्त नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ संग्रहालय का निरीक्षण किया और अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई पूर्व पार्षदों का नाम गलत लिखे जाने को लेकर नगर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने संग्रहालय में लगाए गए चित्रों और दस्तावेजों में सुधार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में नगरपालिका से लेकर नगर निगम तक की ऐतिहासिक यात्रा को बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने संग्रहालय में पुराने आदेश, अभिलेख और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी शामिल करने और क्रमवार व्यवस्थित करने को भी कहा।

नगर आयुक्त ने संग्रहालय में लगाए गए बोर्डों का निरीक्षण करते हुए पाया कि कई जगह पार्षदों के नाम गलत लिखे गए हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए नाम सही करने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि इसके इतिहास को एक अलग बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए।


सीएम के हाथों प्रस्तावित लोकार्पण को लेकर निर्माणाधीन संग्रहालय का मंगलवार को निरीक्षण करते नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल।

## वोट देने बंगाल जा रहीं युवतियों को बस ने रास्ते में छोड़ दिया

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** बंगाल चुनाव में वोट जाने के लिए निकली छह युवतियों के साथ ट्रैवल एजेंसी की लापरवाही का मामला सामने आया। ट्रैवल एजेंसी ने आधे रास्ते में छोड़ दिया और रिफंड करने से भी मना कर दिया। बाद में गीडा पुलिस मदद को पहुंची और किराया वापस कराकर दूसरी बस से सिलीगुड़ी के लिए रवाना कराया।

जानकारी के मुताबिक, सभी युवतियां बैंगलोर में नौकरी करती हैं और पश्चिम बंगाल में चुनाव में मतदान करने के लिए बस से सिलीगुड़ी जा रही थीं। उनका टिकट बाघागाढ़ा स्थित ट्रैवल प्वाइंट एजेंसी के माध्यम से बुक कराया गया था। आरोप है कि बस गोरखपुर पहुंचने के बाद स्टाफ ने आगे जाने से मना कर दिया। इतना ही नहीं, एजेंसी की ओर से किराया वापस करने से भी इनकार कर दिया गया। इससे परेशान होकर युवतियों ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही गीडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैवल एजेंसी से बातचीत कर मामला सुलझाया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद एजेंसी ने युवतियों का पूरा किराया वापस किया। साथ ही पुलिस ने तत्काल दूसरी बस में सिलीगुड़ी के लिए उनका टिकट बुक कराकर उन्हें सुरक्षित रवाना कराया।

**खगोलीय घटना** | 15 से 20 अप्रैल तक भोर में पूर्व से लगभग 10 डिग्री उत्तर दिशा में दिखाई देखा धूमकेतु कॉमेट सी/2025 आर 3

## आकाश से गुम हो जाएगा चांद, दिखेगी धूमकेतु की चमक

■ प्रशांत मिश्रा

**गोरखपुर।** खगोल प्रेमियों के लिए अप्रैल माह की आगामी रातें खास होने वाली हैं। इस दौरान आकाश में रुचि रखने वालों को दुर्लभ नजारे देखने को मिलेंगे। इस बीच 17 अप्रैल को अमावस्या के दौरान चांद के आकाश में गुम होने से तैरते हुए धूमकेतु का दीदार और भी आसान होगा। रात के अंधेरे में चमकदार धूमकेतु पृथ्वी के पास से गुजरते हुए स्पष्ट दिखाई देगा। यह धूमकेतु करीब 1.7 लाख वर्षों बाद सौरमंडल के आंतरिक भाग में लौटा है, जो इस घटना को और अधिक खास बना रहा है। धूमकेतु के विघटित न होने पर आगामी दिनों में इसे नंगी आंखों से भी देखने की संभवना बन सकती है।

वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला गोरखपुर के खगोलविद् अमर पाल सिंह ने बताया कि धूमकेतु कॉमेट सी/2025 आर 3 (पैन-स्टार्स) की खोज 2025 में हुई। लाखों साल बाद इसकी वापसी हो रही है, जिसकी भारत में 15 से 20 अप्रैल के बीच दृश्यता सर्वोत्तम होगी। इसकी चमक लगभग प्लस 8 से 6 मैग्नीट्यूड के बीच आंकी गई है। उन्होंने बताया कि कम प्रकाश प्रदूषण वाले क्षेत्रों से इसे भोर में 4:30 से 5:30 बजे के दरमियान पूर्व से 10 डिग्री उत्तर दिशा की ओर किसी विशेष बाइनाकुलर एवं दूरबीन द्वारा देखा जा सकता है। खगोलविद ने बताया कि वैसे तो यह धूमकेतु बीते 10 अप्रैल से ही अपना प्रभाव दिखा रहा है, लेकिन आगामी दिनों में यह विशेष रूप से नजर आएगा। साथ ही 19 अप्रैल को यह सूर्य के सर्वाधिक निकट होगा। इस दौरान यदि यह टूटकर काफी हद तक नहीं बिखरा तो इसकी चमक बढ़ भी सकती है। ऐसी दशा में इसे प्रकाश प्रदूषण रहित स्थानों और पहाड़ी क्षेत्रों से भी देखा जा सकता है।


धूमकेतु कॉमेट सी 2025 आर 3 पैन स्टार्स।

### चमकदार पूंछ वाले पिंड जैसे दिखाई देते हैं धूमकेतु

अमर पाल सिंह के अनुसार, धूमकेतु बर्फ, धूल, गैस और चट्टानी पदार्थों से बने सौरमंडल के आदिम खगोलीय पिंड होते हैं और सूर्य के चारों ओर अत्यधिक दीर्घ वृत्ताकार कक्षा में परिक्रमा करते हैं। उन्होंने बताया कि इनकी संरचना में नाभिक, कोमा और पूंछ पाई जाती है। वहीं, पूंछ हमेशा सूर्य के विपरीत दिशा में होती है। जब धूमकेतु सूर्य के पास आता है तो बर्फ सीधे गैस में बदलती है। ऐसे में गैस और धूल बाहर निकलती है। सूर्य का प्रकाश इन कणों से परावर्तित होकर चमक पैदा करता है। यही कारण है कि ये आकाश में एक चमकदार पूंछ वाले पिंड के रूप में दिखाई देते हैं। बताया कि कुछ धूमकेतु बार-बार आते हैं तो कुछ केवल एक बार दिखते हैं। इनकी पूंछ लाखों किलोमीटर लंबी हो सकती है और एक धूमकेतु के कई टेल भी हो सकते हैं।